



### डीजल और खाद की बढ़ी कीमतों से बढ़ी खेती की लागत, जिले के किसान प्रभावित

# खरीफ सीजन में किसानों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जुलाई. खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही जिले के किसानों को महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक ओर सहकारी समितियों और गोदामों में डीएपी खाद की कमी बनी हुई है, वहीं विकल्प के रूप में उपलब्ध एनपीके खाद के दामों में भारी उछाल आ गया है।**

दूसरी तरफ डीजल की कीमतों में करीब 8 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने खेती की लागत को और बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि इस बार प्रति हेक्टेयर खेती पर 5 से 6 हजार रुपए तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। जिले में मानसून की दस्तक के साथ धान, मक्का, सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियां तेज हो गई हैं।



फाईल फोटो

किसान नर्सरी तैयार कर चुके हैं और अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन बढ़ती लागत ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। जिले में करीब 9.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ की खेती होती है, जिसमें सबसे अधिक 3.81 लाख हेक्टेयर में मक्का बोया जाता है। जिले के लगभग 3.50 लाख किसान सीधे खेती पर निर्भर हैं। डीएपी खाद की अनुपलब्धता किसानों के लिए सबसे बड़ी परेशानी बनी हुई है। पिछले वर्षों में करीब 1350 रुपए प्रति बोरी मिलने वाला डीएपी इस बार अधिकांश सोसायटियों में उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में किसानों को एनपीके खाद खरीदनी पड़ रही है, जिसकी कीमत बढ़कर 2100 से 2450 रुपए प्रति बोरी तक पहुंच गई है। कुछ महीने पहले यही खाद करीब 1450 रुपए में मिल रही थी।

### परिवहन जैसे सभी कार्यों की लागत बढ़ी

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान और अन्य खरीफ फसलों की शुरुआती बढ़वार के लिए डीएपी सबसे अधिक उपयोगी मानी जाती है। इसकी कमी के कारण किसानों की निर्भरता महंगे एनपीके पर बढ़ गई है।

खाद के साथ-साथ डीजल महंगा होने से खेत की जुताई, बुवाई, सिंचाई और परिवहन जैसे सभी कार्यों की लागत बढ़ गई है। ट्रैक्टर, डीजल पंप और अन्य कृषि उपकरणों के संचालन पर अतिरिक्त खर्च किसानों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बना रहा है। छोटे और सीमांत किसानों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश किसान खेती के लिए उधार पर निर्भर रहते हैं। किसानों की मांग है कि बढ़ी लागत के अनुरूप फसलों का समर्थन मूल्य तय किया जाए।

### किसानों की बढ़ी लागत एक नजर में

डीएपी की जगह महंगा एनपीके खरीदने की मजबूरी।
एनपीके के दाम 1450 रुपए से बढ़कर 2100-2450 रुपए प्रति बोरी।
एसएसपी पाउडर 465 से बढ़कर 565 रुपए प्रति बोरी।
एसएसपी दानेदार 505 से बढ़कर 605 रुपए प्रति बोरी।
डीजल करीब 8 रुपए प्रति लीटर महंगा।
खेती की लागत प्रति हेक्टेयर 5 से 6 हजार रुपए तक बढ़ी।

# बेल नदी में मिला लापता युवक का शव

## लावाघोघरी पुलिस ने चार दिनों से चलाया था सर्च अभियान

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जुलाई. लावाघोघरी थाना क्षेत्र में चार दिनों से लापता 23 वर्षीय युवक का शव रविवार को बेल नदी से मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।**

जानकारी के अनुसार बिछुआ-बैतूल गांव निवासी शिवम कुशराम 23 साल पिता धन्नूलाल कुशराम, बीते 2 जुलाई की शाम करीब 5.30 बजे अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने नदी के तेज बहाव में बह जाने की आशंका जताते हुए लावाघोघरी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से बेल नदी एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार चार दिनों तक सघन सर्च अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद बेल नदी के बीच युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### मौत के कारणों को तलाश रही पुलिस

पुलिस के अनुसार फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि युवक किन परिस्थितियों में नदी तक पहुंचा और घटना के समय उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति मौजूद था या नहीं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि मामला दुर्घटना का है, आत्महत्या का है या फिर इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

### पुलिस कर रही पूछताछ

घटनास्थल से आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। पुलिस का कहना है मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## इलाज के दौरान युवती की मौत

**छिंदवाड़ा।** बटकाखापा थाना क्षेत्र के चौरासी गांव की रहने वाली युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार रामकुमारी पिता विपतलाल उइके 24 साल चौरासी गांव की रहने वाली है। बीमारी के चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल में इलाज के दोरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# बारिश के मौसम में सर्पदंश से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जुलाई. बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे ने बताया कि सांप के काटने पर घबराने के बजाय तुरंत प्राथमिक उपचार अपनाते हुए पीड़ित को एंटीवेनम उपलब्ध निकटतम स्वास्थ्य संस्था या अस्पताल पहुंचाना चाहिए।**

उन्होंने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में मरीज को शांत रखें



और चलने-फिरने से रोकें, क्योंकि अधिक गतिविधि से शरीर में विष तेजी से फैल सकता है। प्रभावित अंग से अंगूठी, घड़ी, कड़ा या अन्य कसी हुई वस्तुएं तुरंत हटा दें। काटे गए अंग को हृदय के स्तर से नीचे रखते हुए स्थिर रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर स्प्लिंट का सहारा लें। घाव को काटने, चूसने या उस पर बर्फ लगाने जैसी गलत विधियों से बचें।

साथ ही झाड़-फूंक, तांत्रिक या सपेरे के चक्कर में न पड़ें और सांप को पकड़ने या मारने का प्रयास भी न करें। सर्पदंश से बचाव के लिए खेतों, झाड़ियों या घास में कार्य करते समय बंद जूते (बूट) और पूरे पैर ढकने वाले कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। रात में बाहर निकलते समय टॉर्च का उपयोग करें। घर के आसपास झाड़ियों और कचरे की नियमित सफाई रखें ताकि सांपों को छिपने का स्थान न मिले।

जमीन पर सीधे सोने या लेटने से बचें तथा मच्छरदानी का उपयोग करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गोन्नाडे ने नागरिकों से अपील की है कि सर्पदंश की किसी भी घटना में समय गंवाए बिना पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुंचाएं, क्योंकि समय पर उपचार ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।



## सड़क हादसे में बालिका की मौत

**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के डुंगरिया रैयत की रहने वाली बालिका की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि परिजनों के साथ बाइक से जा रही थी। इस दौरान यह हादसा हुआ। जानकारी अनुसार अंजलि पिता तुलसीराम उइके उम्र 7 साल डुंगरिया रैयत की रहने वाली है। वह अपने परिजनों के साथ बाइक से जा रही थी। इस दौरान पौनार के समीप सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एक्सीडेंट करने पर वाहन चालक को दो वर्ष की सजा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जुलाई. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छिंदवाडा के द्वारा एक्सीडेंट के ममले में आरोपी विजय इरपाचे पिता महासी इरपाचे 28 वर्ष निवासी सगोनिया हाल चित्रकुट कॉम्प्लेक्स छिन्दवाड़ा को दो वर्ष की सजा और वाहन स्वामी शैलेन्द्र पिता जीत सिंह कवरेती 37 वर्ष निवासी पुलिस लाईन सिवनी को अर्थदंड की सजा सुनाई गई है.**

घटना दिनांक 25 फरवरी 2021 को पीड़ित गायत्री राय सायकल से सब्जी लेने गई थी जब वह वापस अपने घर की ओर जा रही थी तब नागपुर रोड स्थित पेन्टालून के सामने पीछे से आ रही बाइक क्रमांक एम.पी. 28 एम.ई. 4587 के चालक ने अपनी बाइक को तेजगति लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और गायत्री को टक्कर मार दी जिससे आहत को दाहिने पैर में घुटने में, पंजे में,



दाहिने तरफ सिर में, दाहिने कंधे में चोट लगी फिर मौके पर उपस्थित लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल लेकर गये। प्रार्थी ने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की रिपोर्ट लेख कर बाइक चालक के विरुद्ध धारा 279, 338 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां न्यायालय ने विजय इरपाचे पिता महासी इरपाचे 28 वर्ष निवासी सगोनिया दो वर्ष की सजा और वाहन स्वामी को अर्थदंड से दंडित किया है. तथा पीडित को 1500 रु. प्रतिकर का भी आदेश दिया है. उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता परितोष देवनाथ के द्वारा गई.

## जिले में अभी तक 253 .8 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जुलाई. जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 253.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 299.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।**

जिले में 07 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 22.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 07 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 11.84, मोहखेड़ में 150.5, तामिया में 16, अमरवाड़ा में 7.2, चौरई में 19.2, हर्रई में 9.4, बिछुआ में 5.3, परासिया में 1.3, जुन्नारदेव में 24.2 और चांद में 08 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 174, मोहखेड़ में 246.8, तामिया में 227, अमरवाड़ा में 227.8, चौरई में 341.2, हर्रई में 169.7, बिछुआ 228.1, परासिया में 166.9, जुन्नारदेव में 222.8, चांद में 411.5 और उमरेठ में 215.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# समर्थन मूल्य पर खरीफ उपार्जन के लिए एग्रीस्टेक आईडी बनवाना अनिवार्य

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जुलाई. समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन के लिए किसान पंजीयन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाया जा रहा है। खरीफ विपणन मौसम में धान एवं मोटा अनाज उपार्जन के लिए किसान पंजीयन के दौरान भू-स्वामी के खसरा, फसल एवं रकबा की जानकारी अब भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल से ली जाएगी।**

इसके लिए प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। किसान एग्रीस्टेक पोर्टल पर अपना पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), संबंधित पटवारी अथवा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री एमपी मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। ई-उपार्जन पोर्टल पर जिले के 29,163 पंजीकृत किसानों में से जिन किसानों की एग्रीस्टेक आईडी अभी शेष है, उन्हें भोपाल स्तर से एसएमएस भेजकर आईडी बनवाने की सूचना दी गई है। ऐसे किसानों की सूची ई-उपार्जन पोर्टल के रबी 2026-27 लॉगिन में उपलब्ध कराई गई है। खाद्य संचालनालय भोपाल के निर्देशों के पालन में कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एग्रीस्टेक आईडी से वंचित किसानों का भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल पर शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों का पंजीयन सुगमता से किया जा सके।

# व्यवस्था देखने रेक प्वाइंट पहुंचे कृषि उप संचालक श्री नाथ

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जुलाई. उप संचालक कृषि मोरिस नाथ द्वारा आज मंगलवार को रेक प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरकों के भंडारण, परिवहन एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एनएफएल कंपनी का लगभग 700 मीट्रिक टन यूरिया तथा 2000 मीट्रिक टन उर्वरक का परिवहन सुचारू रूप से किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि उर्वरकों का सुरक्षित भंडारण एवं समयबद्ध परिवहन



सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरकों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उप संचालक कृषि श्री नाथ ने संबंधित अधिकारियों एवं परिवहन एजेंसियों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा उर्वरकों के वितरण पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

# अनाज मंडी : गेहूं की सबसे अधिक आवक, सोयाबीन 6,660 रुपये प्रति क्विंटल बिका

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जुलाई. कृषि उपज मंडी समिति द्वारा जारी दैनिक आवक-भाव के अनुसार मंगलवार को मंडी में कुल 9,573 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। मंडी में सबसे अधिक आवक गेहूं की रही, जिसमें 7,070 क्विंटल उपज पहुंची।**

गेहूं का न्यूनतम भाव 2,400 रुपये, अधिकतम 2,825 रुपये तथा मॉडल भाव 2,550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। मक्का की 1,916 क्विंटल आवक दर्ज हुई। इसका न्यूनतम भाव 2,016 रुपये, अधिकतम 2,330 रुपये और



फाईल फोटो

मॉडल भाव 2,280 रुपये प्रति क्विंटल रहा। सोयाबीन की 249 क्विंटल आवक पर न्यूनतम 6,000 रुपये, अधिकतम 6,850 रुपये तथा मॉडल भाव 6,660 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। चना का मॉडल भाव 5,400 रुपये, उड़द का 8,050 रुपये, सरसों का 6,420 रुपये, तुअर का 6,701 रुपये, गुल्ली का 4,780 रुपये तथा मूंग का मॉडल भाव 6,490 रुपये प्रति क्विंटल रहा। उड़द ने प्रमुख फसलों में सबसे अधिक मॉडल भाव दर्ज किया। मंडी प्रशासन ने किसानों और हम्माल बंधुओं से अपील की है कि वे अपनी कृषि उपज की ढेरी शेड के भीतर ही लगाएं। साथ ही बताया गया है कि शनिवार और रविवार को मंडी में प्रवेश पूर्णत: बंद रहेगा, इसलिए किसान इन दिनों उपज लेकर न आएं।

प्रवेश का समय रात्रि 12 बजे से लोडिंग समाप्ति के बाद सुबह 9.30 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि नीलामी कार्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगा। मंडी समिति ने किसानों से समय का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित व्यवस्था का पालन करने की अपील की है, ताकि नीलामी एवं खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## 1 मरीज को दिलाई 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेजकर मरीज की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से मरीज को 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर दी है। उक्त सहायता राशि मिलने से मरीज का नागपुर के प्राईवेट अस्पताल में ईलाज हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर नागपुर के अस्पताल में भर्ती सौंसर के ग्राम बोरगांव निवासी सुनील पिता काशीनाथ प्रजापति को 30 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

**कार्यवाही** — लापरवाही बरतने पर जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा जारी किए गए निर्देश

# दो प्राथमिक शिक्षक निलंबित एक प्रचार्य पर कार्यवाही प्रस्तावित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जुलाई. जनजातीय कार्य विभाग ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है वहीं एक प्राचार्य पर कार्यवाही प्रस्तावित की है.**

सहायक आयुक्त सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड हर्रई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिलक में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक प्रभारी प्राचार्य सेजराम भलावी के द्वारा अतिथि शिक्षक चयन प्रकिया में विज्ञापन जारी नहीं किया जाकर अतिथि शिक्षक की व्यवस्था की गई व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिलक में कार्यरत अतिथि शिक्षक शकील अहमद खान माह जुलाई 2025 व बटकाखापा में स्टॉफ - शिक्षको के कथन अनुसार माह अगस्त से दिसंबर 2025 तक विद्यालय में उपस्थित नहीं रहे है, जबकि उपस्थिति पंजी में इनके हस्ताक्षर पाये गये एवं वेतन भी आहरित किया गया। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतोषजनक नही पाया गया। इसलिए प्रभारी प्राचार्य श्री भलावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया बया है।

### बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करने हुई कार्यवाही

हर्रई की प्राथमिक शाला बोरपानी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती अंजना सर्वे की ग्रामीणों द्वारा सीएम हेल्पलाईन में की गई शिकायत की जांच में दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले के जनपद शिक्षा केन्द्र हर्रई विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा अपने पत्र 09 मार्च 2026 द्वारा लेख किया कि प्राथमिक शाला बोरपानी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती अंजना सर्वे के विरूद्ध सी.एम. हेल्पलाइन एवं ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जांच की गई। जांच में पाया गया कि प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती अंजना सर्वे द्वारा बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, मध्यान्ह भोजन सही संचालित नहीं किया जाता है, जिसके कारण प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सर्वे को तहत निलंबित किया गया है।

### वेतन आहरण में मिली थी अनियमित्ताएं

विकासखंड हर्रई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटकाखापा से संबंधित अतिथि शिक्षक चयन एवं वेतन आहरण में अनियमितता के प्रकरण की जांच कराई गई। प्रकरण की जांच हेतु गठित समिति के प्रतिवेदन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हर्रई द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिलक में अतिथि शिक्षक का चयन नियमों के विपरीत किए जाने तथा वेतन आहरण किए जाने की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित प्रभारी प्राचार्य श्रीमती समीना खान को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया। प्राप्त जवाब का परीक्षण किए जाने पर वह संतोषजनक नहीं पाया गया। जिसके चलते हर्रई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटकाखापा की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती समीना खान पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिये सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित किया गया है।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589